कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश
सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004

क्रमांक: 1554 / 306 / आउशि / शा–5'अ' / 2024
प्रति,

भोपाल, दिनांक 30 / 09 / 2024

प्राचार्य,

समस्त शासकीय / अनुदान प्राप्त अशासकीय / निजी अशासकीय महाविद्यालय, मध्यप्रदेश।

Oct. Nov. Dec.

विषयः– भारतीय ज्ञान परम्परा के अन्तर्गत त्रैमासिक कैलेण्डर अनुसार गतिविधियों का संचालन के संबंध में।

संदर्भ – कार्या. का पत्र क्रमांक 1184 / 306 / आउशि / शा–5'अ' / 2024,भोपाल दिनांक 08.07.2024

—0—

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित कराए जाने हेतु समस्त महाविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। महाविद्यालय स्तर पर भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी के माध्यम से घोषित त्रैमासिक कैलेण्डर (जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर, 2024) के अनुसार गतिविधियों का संचालन किये जाने तथा आयोजित गतिविधियों से संबंधित प्रतिवेदन, छायाचित्र, समाचार पत्रों की कटिंग प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

महाविद्यालय स्तर पर भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के माध्यम से गतिविधियों के संचालन हेतु त्रैमासिक कैलेण्डर ( अक्टूबर, नवम्बर, एवं दिसम्बर, 2024) परिशिष्ट (अ) पर संलग्न है। महाविद्यालय स्तर पर भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी के माध्यम से घोषित कैलेण्डर के अनुसार गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा आयोजित गतिविधियों से संबंधित जानकारी का प्रतिवेदन, छायाचित्र, समाचार पत्रों की कटिंग प्रति त्रैमासिक कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा की अकादमिक–शाखा के ई–मेल academy-he@.mp.gov.in पर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

भारतीय ज्ञान परम्परा के अन्तर्गत त्रैमासिक कैलेण्डर अनुसार गतिविधियों का संचालन एवं समय–समय पर जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

संलग्नः– त्रैमासिक कैलेण्डर परिशिष्ट (अ)
( आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

30/9/24

( डॉ0 धीरेन्द्र शुक्ल )
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश

पृ. क्रमांक: 1555 / 306 / आउशि / शा–5'अ' / 2024
प्रतिलिपि :–

भोपाल, दिनांक 30 / 09 / 2024

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल मध्यप्रदेश।
2. स्टॉफ आफिसर, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
3. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश।
4. समस्त, शासकीय अग्रणी महाविद्यालय, मध्यप्रदेश।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश

# भारतीय ज्ञान परम्परा : गतिविधि – त्रैमासिक कैलेण्डर

## अक्टूबर, नवंबर एवं दिसंबर 2024

| माह अक्टूबर | माह नवंबर | माह दिसंबर |
|---|---|---|
| अवसर – अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस<br>01, अक्टूबर 2024 | अवसर – अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस<br>16, नवंबर 2024 | अवसर – राष्ट्रीय गणित दिवस<br>22, दिसंबर 2024 |
| • अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर महाविद्यालय क्षेत्राधिकार के सामाजिक संस्थान के वृद्धजन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, इतिहासकार, साहित्यकार, अर्थशास्त्री, वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद आदि का शाल एवं श्रीफल से सम्मान<br>• वृद्धजनों को "जीवन के नैतिक मूल्यों एवं शिष्टाचार" विषय पर अपने अनुभव साझा करने हेतु आमंत्रित करना<br>• प्राचीन ग्रंथों मे दिए गए वृद्धजनों के प्रति नैतिक मूल्यों से संबंधित विचारों पर विद्वानों/विशेषज्ञों द्वारा उदबोधन<br>• "वृद्धजनों के प्रति युवाओं का दायित्व" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन | • विद्वानों /विशेषज्ञों द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा के परिप्रेक्ष्य मे "भारत में सहिष्णुता" विषय पर उदबोधन<br>• "प्राचीन भारत–सहिष्णुता की प्रतिमूर्ति" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन<br>• भारतीय विचारक द्वारा समाज मे सहिष्णुता बनाए रखने के लिए दिए गए उदबोधन/व्याख्यान/प्रेरक प्रसंग से संबंधित लघु वीडियो का प्रदर्शन<br>• सहिष्णुता को दृष्टिगत रखते हुए महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन | • "गणित विषय मे भारतीय ज्ञान परंपरा" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन<br>• भारतीय ज्ञान परंपरा से सबंधित गणित तथा वैदिक गणित विषय के पुस्तकों की प्रदर्शनी<br>• प्राचीन भारतीय गणितज्ञ एवं उनके साहित्य से विद्यार्थियों को अवगत कराना<br>• वैदिक गणित की प्रासंगिकता विषय पर विद्वजनों के व्याख्यान का आयोजन |

- त्रैमासिक गतिविधियों के आयोजन में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित विभूतियों/विषय विशेषज्ञों/स्थानीय विद्वानों को की–नोट स्पीकर के रूप आमंत्रित किया जाए।
- प्राचार्य वीडियो के प्रदर्शन से पूर्व महादिद्यालय स्तर पर समिति गठित कर वीडियो का परीक्षण कराकर वीडियो का प्रदर्शन करेंगे।